कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती – 2023
<u>क्लर्क ग्रेड–2 की फेज-2 की परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश</u>

1. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती– 2023 के अंतर्गत **क्लर्क ग्रेड–2 की** फेज–II परीक्षा दिनांक 21.01.2024 को आयोजित की जा रही है।
2. उक्त परीक्षा कोटा शहर में स्थित परीक्षा केंद्र पर ही पूर्व सूचित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जावेगी।
3. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय के भर्ती पोर्टल www.aukrecruitment2023.com में अपने लॉगिन आई डी पासवर्ड से लॉगिन कर प्रवेश पत्र डाउन लोड करना होगा।
4. प्रवेश पत्र डाउन लोड करने की सुविधा दिनांक 18-01-2024 सायं 5-00 से उपलब्ध करवाई जाएगी।
5. परीक्षा हेतु उपयोग में लिये जाने वाले सॉफ्टवेयर से परिचित कराने हेतु अभ्यर्थियों के अभ्यास हेतु दिनांक 18-01-2024 सायं 5-00 से मौक टेस्ट का लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।
6. क्लर्क ग्रेड–2 पद हेतु फेज–2 की परीक्षा पूर्व सूचित परीक्षा स्कीम के अनुसार होगी।
7. परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप, परीक्षा की प्रकिया, मूल्यांकन संबंधी मानदड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होगे–

क – गति परीक्षण (Speed Test)

1. अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र परिच्छेद (Paragraph) को लाईनवार प्रर्दशित किया जावेगा एवं अभ्यर्थियों को उक्त को लाईनवार ही टाईप करना होगा। अंग्रेजी में परिच्छेद 500 शब्दों का होगा एवं हिन्दी में परिच्छेद 400 शब्दों का होगा।
2. अंग्रेजी में प्रत्येक सही 100 शब्द पर 5 अक निर्धारित होगे तथा हिन्दी में प्रत्येक सही 80 शब्द पर 5 अंक निर्धारित होंगे।
3. हिन्दी/अंग्रेजी गति परीक्षण में प्रत्येक अभ्यर्थी को न्यूनतम 36 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है अन्यथा वह अनुर्तीर्ण माना जायेगा।
4. दक्षता परीक्षा की मूल्यांकन प्रक्रिया में केवल उन्ही अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जाएगा, जो गति परीक्षण में उक्तानुसार न्यूनतम अर्हता प्राप्त कर लेंगे । अभ्यर्थियों के मूल्यांकन हेतु अंक की गणना प्रक्रिया में कतिपय सामान्य त्रुटियों के अंक नहीं दिये जायेंगे जिसकी सूची निम्नानुसार है–
   - गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
   - वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना
   - वर्णों, शब्दों, अंका या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
   - विराम चिह्नो का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - शब्द–अंतराल में त्रुटि करना
   - अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - मात्राओं में की गयी अनावश्यक आवर्ती जो कि दिखने में नजर नहीं आती किन्तु कम्प्यूटर गलत बताता है। उदाहरण स्कूल = Ldwy स्कूल = Ldwwwwy
   - वर्णो का टंकन उचित प्रकार से नहीं करना उदाहरण म = E, म = Ek, इसमें म = E को ही सही माना जायेगा।

ख – दक्षता परीक्षण (Efficiency Test)

इस भाग के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र सारणी (Spread Table) के रूप मे दिये जाएंगे, जिनमें आंकड़ों का अंकन (Data Entry) एवं सूत्र संयोजन करते हुए सामान्य कार्यालयोपयोग आधारित प्रश्नों (जैसे योग, औसत प्रतिशत आदि की गणना) को दर्शाना होगा। इस भाग के प्रत्येक भाषा में कुल अंक 25 होगे एवं इसके लिए 10 मिनट का समय प्राप्त होगा।

अन्य दिशा निर्देश

1. अंग्रेजी टाईप के लिये प्रचलित फॉन्ट को प्रयोग किया जायेगा तथा हिन्दी टाइपिंग के लिये Standard की–बोर्ड एवं DevLys 010 फॉन्ट का प्रयोग किया जायेगा।

Hindi Keyboard



नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड (Keyboard) की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) हो सकती है। उक्त की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यर्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु उपयोग करना है।

2. अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्रों में दोनों भाषाओं की गति व दक्षता परीक्षण की परीक्षा देना अनिवार्य है, अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।
3. परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशो को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।
4. अभ्यर्थी गति/दक्षता परीक्षण परीक्षा के लिये निर्धारित समय सारणी के अनुसार 1 घंटे पूर्व परीक्षा स्थल पर अपनी उपस्थित्ति देवे।
5. अभ्यर्थी परीक्षा हाल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कृपया सुनिशचित कर लेंवे कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की–बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
6. अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट बटन शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रुकेगा, अत अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।
7. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल, फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।